Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a solar plant in Gorakhpur, Uttar Pradesh-laid

श्री रवि किशन (गोरखपुर): मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र Gorakhpur में आज भी हजारों एकड़ बंजर भूमि है । हम सभी जानते हैं कि बंजर भूमि का देशहित में प्रायः कोई उपयोग नहीं होता है । खाली पड़ी इस जमीन पर यदि हमारी सरकार द्वारा सोलर प्लांट लगा दिया जाय या सरकार किसी निजी क्षेत्र की कंपनी को सोलर प्लांट लगाने के लिए अधिकृत कर दे तो इस जमीन का ग्रीन एनर्जी के लिए बेहतरीन सदुपयोग हो सकता है तथा इसका लाभ पूर्वांचल के अन्य जिलों को भी मिलेगा इससे एक बड़े क्षेत्र को बिजली आपूर्ति की जा सकती है ।

इसके साथ ही इस सोलर प्लांट के लगने से स्थानीय युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध होगा | जिससे इस क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं की बेरोजगारी की समस्या भी दूर हो जाएगी ।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि गोरखपुर में एक केंद्रीय सहयता से सोलर बिजली उत्पादन का केंद्र स्थापित किया जाय जिससे बिजली उत्पादन में वृद्धि और रोज़गार के अवसर सृजित हो सकें|